श्याम मेरे, श्याम मेरे बुलाना मुझे

भजन तर्ज - परदेशी परदेशी जाना नहीं !!

श्याम मेरे श्याम मेरे बुलाना मुझे ,
तेरे दर पे हा तेरे दर पे ,
ओ श्याम मेरे कान्हा , भूल न जाना ,
मुझे याद रखना कही भूल न जाना ,
श्याम मेरे श्याम मेरे बुलाना मुझे ,
तेरे दर पे हा तेरे दर पे,

हर पल तेरी भक्ति में तो करता हूँ ,
हर पल तेरा नाम में तो जपता हूँ ,
तेरे बिना कोई ना हमारा हैं ,
हारे हुये का श्याम तू ही सहारा है ,
ओ श्याम मेरे कान्हा ,भूल न जाना ,
मुझे याद रखना कही भूल न जाना ,
श्याम मेरे श्याम मेरे बुलाना मुझे ,
तेरे दर पे हा तेरे दर पे,

कब तक मुझको ऐसे यू तड़पाओगे ,
कब तक मुझको दर पे ना बुलाओगे ,
कितनी और परीक्षा मेरी लोगे तुम,
कब तक मुझको दर्शन ना दोंगे तुम,
ओ श्याम मेरे कान्हा ,भूल न जाना ,
मुझे याद रखना कही भूल न जाना ,
श्याम मेरे श्याम मेरे बुलाना मुझे ,
तेरे दर पे हा तेरे दर पे,

राधा जी से अर्जी क्या लगवाऊ में ,
बरसाना से चिट्ठी क्या भिजवाऊ में ,
मेरी तो कान्हा तुम सुनते ही नहीं,
तुम ही बताओ कैसे तुम्हे मनाऊ में,
ओ श्याम मेरे कान्हा , भूल न जाना ,
मुझे याद रखना कही भूल न जाना ,
श्याम मेरे श्याम मेरे बुलाना मुझे ,
तेरे दर पे हा तेरे दर पे ,

मन की बाते मन में ये रह जाये ना ,
दर्शन बिना प्राण ये छूट जाये ना ,
ऐसी भी क्या श्याम मज़बूरी है ,
मुझसे तेरी कैसी ये दूरी है,
ओ श्याम मेरे कान्हा , भूल न जाना ,
मुझे याद रखना कही भूल न जाना ,

श्याम मेरे श्याम मेरे बुलाना मुझे ,
तेरे दर पे हा तेरे दर पे ,

Lyrics - Jay Prakash Verma , Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34193/title/shyam-mere---shyam-mere-bulana-mujhe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |